जे सी बॉस यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाई एम सी ए, फरीदाबाद

व्यवसायिक अध्ययन विभाग

रामायण प्रश्नावली प्रतियोगिता की रिपोर्ट

दशहरे के उपलक्ष में, 06 अक्टूबर 2022 को जे सी बॉस यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी वाई एम सी ए ,फरीदाबाद , के व्यवसायिक अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा गोयल की अध्यक्षता में रामायण प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षिका डॉ. पल्लवी महाजन ने किया। रामायण एक महाकाव्य ही नहीं बल्कि जीवन दर्शन है जो हमको धर्म पर चलने के सीख देती है, डर और शंका के वातावरण से बाहर निकालती है| रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की ही जीत होती है। बुराई कितनी भी शक्तिशाली या बड़ी क्यों ना हो लेकिन अपनी अच्छी नीयत और गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है।

रामायण हमें अच्छी संगति के महत्व को बताता है। कैकयी राम को अपने पुत्र राम से ज़्यादा चाहती थी लेकिन दासी मंथरा की बुरी सोच और गलत बातों में आकर वह राम के लिए 14 वर्षों का वनवास मांग लेती है। इसलिए हमें सीख मिलती है कि हमें अच्छी संगति में रहना चाहिए ताकि नकारात्मकता हम पर हावी ना हो। भगवान राम प्यार, दया और सकारात्मकता की प्रतिमूर्ति हैं और यदि हममें से कोई भी 10 प्रतिशत भी अपने दैनिक जीवन में उतार लेता है तो वो खुशहाल और संतुष्ट जीवन जी सकता है। उनका शांत और दया भाव से एक पुत्र, पति, भाई और एक राजा की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना हमें आपसी प्रेम और सम्मान जैसे मानवीय गुणों से अवगत कराता है ।

प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से बाइस विद्यार्थियो ने भाग लिया। प्रथम चरण में ग्यारह टीम बनायीं गयी । द्वितीय चरण में पांच टीम , तृतीया चरण में तीन टीम चयन की गयी। प्रतियोगिता में प्रबंधन विभाग की मानसी तथा प्रज्ञा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भगवान राम का विनम्र आचरण और अपने से बड़ों और छोटों सबको सम्मान देना हम सबको एक सीख देता है। हमें रुतबा, उम्र, लिंग आदि के भेदभावों के बावजूद सबसे समान व्यवहार करना चाहिए। हमें पशुओं से भी प्यार और दयालुता से पेश आना चाहिए। सच्चा मानव वही है जो सबसे समानता से पेश आता है। समाज की बुराइयों पर जीत हासिल करने के लिए हमें आज के जमाने में रामायण की सीख को उतारने की आवश्यकता है।

List of Participants in Ramayan Quiz

Team	TEAM MEMBERS
1	GARIMA and NEHA
2	KARAN and DIPANSHU
3	MOHIT and MUKUL
4	TANYA and SIMRAN
5	NITIKA and NAMAN
6	KHUSHBOO and PRIYANSHI
7	DIKSHA and VARSHA DAGAR
8	NANDINI and NEHA
9	POOJA and DIVYA
10	MANSI and PRAGYA
11	DEEPAK and RIYA RANI